चेतन कुमार जोशी

अकादेमी पुरस्कारः
हिन्दुस्तानी वाद्य संगीत (बांसुरी)

CHETAN KUMAR JOSHI

Akademi Award:
Hindustani Instrumental Music (Flute)

झारखंड के झरिया में 5 नवंबर 1964 को जन्मे श्री चेतन कुमार जोशी ने श्री आचार्य जगदीश से हिन्दुस्तानी वाद्य संगीत (बांसुरी) का प्रशिक्षण प्राप्त किया और बाद में श्री भोलानाथ प्रसन्ना, श्री रघुनाथ सेठ और श्री अजय चक्रवर्ती के संरक्षण में अपनी कला को निखारा। आप बनारस, ग्वालियर और पटियाला घरानों की परम्परा का अनुसरण करते हैं।

आप आकाशवाणी और दूरदर्शन के कलाकार हैं। आपको संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 1999 और वर्ष 2016 में वरिष्ठ अध्येतावृत्ति मिल चुकी है। आपने कई छात्रों को संगीत का प्रशिक्षण दिया है और कई नाटकों के लिए संगीत निर्देशन भी किया है। आपने देश के विभिन्न हिस्सों में हिन्दुस्तानी संगीत पर कई संगोष्ठियों और कार्यशालाओं का आयोजन किया है। आपने कई प्रतिष्ठित नाट्य उत्सवों और कला उत्सवों का आयोजन और समन्वय किया है। आप देश की कई प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्थाओं से सदस्य के रूप में जुड़े हुए हैं।

हिन्दुस्तानी वाद्य संगीत में योगदान के लिए, श्री चेतन जोशी को कई उपाधियाँ और पुरस्कार प्राप्त हुए हैं, जिनमें झारखण्ड सरकार द्वारा सन् 2006 में प्रदान किया गया राजकीय सांस्कृतिक सम्मान, सन् 1992 में सुर सिंगार संसद द्वारा प्रदान किया गया सुर मणि सम्मान, सन् 2013 में संगीत कला केन्द्र, आगरा द्वारा प्रदान किया गया संगीत कला गौरव पुरस्कार और सन् 2019 में सरस्वती संगीत अकादमी, लखनऊ द्वारा प्रदान किया गया सरस्वती सम्मान प्रमुख हैं।

श्री चेतन कुमार जोशी को हिन्दुस्तानी वाद्य संगीत (बांसुरी) में योगदान के लिए वर्ष 2019 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 5 November 1964 at Jharia in Jharkhand, Shri Chetan Kumar Joshi received his training in Hindustani flute from Acharya Jagdish, and later groomed his art under the tutelage of Bholanath Prasanna, Raghunath Seth and Ajoy Chakraborty. He belongs to the tradition of the Banaras, Gwalior and Patiala gharanas.

An artist of All India Radio & Doordarshan and a recipient of the senior Fellowship by the Department of Culture, Government of India twice in the year 1999 and 2016, Shri Chetan Joshi has trained many students and has directed music for many plays and dramas. He has also conducted many seminars and workshops on Hindustani music widely in the country. He has organized and coordinated many prestigious Drama festivals and Kala Utsav in the country. He is associated with many prestigious cultural institutions of the country as a member.

For his contribution to Hindustani instrumental music, Shri Chetan Joshi has received many titles and awards. These include the Rajakiya Sanskritik Samman bestowed by the Government of Jharkhand in (2006), the Sur Mani given by the Sur Singar Samsad in 1992, the Sangeet Kala Gaurav Puraskar bestowed by Sangeet Kala Kendra, Agra in 2013, and the Saraswati Samman by Saraswati Sangeet Akademi, Lucknow in 2019.

Shri Chetan Kumar Joshi receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2019 for his contribution to Hindustani instrumental music.